संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 04 दिनांक 20/01/2021

# स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में जागरुकता कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों ने लिया संकल्प

रतलाम। स्वच्छ जीवन ही स्वास्थ्य जीवन जीने की राह है। डाक्टर भी अपने पास आ रहे मरीजों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की सलाह देते हैं। स्वच्छ भारत अभियान को साकार करने के लिए स्वास्थ्य विभाग भी कार्य करने में जुटा हुआ है। इसके लिए नगर पालिक निगम की और से लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है।

अगर अपने आस-पास स्वच्छ वातावरण रखा जाए, तो कई बीमारियों से बचा जा सकता है। ज्यादा धूल मिट्टी में रहने से नाक में एलर्जी होने की संभावना बनी रहती है। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत अब हर नागरिक का एक ही सपना है कि स्वच्छ और सुंदर हो रतलाम शहर अपना। स्वच्छता रहेगी तो शहर में सुंदरता बनी रहेगी और रतलाम स्वच्छ और स्वस्थ्य बना रहेगा। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की और से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इन्दौर


संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 10 दिनांक 20/01/2021

# 558 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

**रतलाम।** नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 18 जनवरी तक 558 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 18 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 558 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 18 जनवरी को ओसवाल नगर, जवाहर नगर, मार्निंग स्टार स्कूल के पास व कस्तुरबा नगर से 4 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़कों चौराहों को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़े का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी। इन्दौर.

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार स्वतंत्र ऐलान पृष्ठ 15 दिनांक 20/01/2021

# गणतंत्र दिवस तैयारियों की समीक्षा की गई, अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए



रतलाम । आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा सोमवार को बैठक में की गई। कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड द्वारा गणतंत्र दिवस आयोजन के लिए विभिन्न दायित्व अधिकारियों को सौंपे गए और समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, सीईओ जिला पंचायत श्री संदीप केरकेट्टा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, श्री एम.एल. आर्य, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संदर्भ में निर्देशित किया कि गणतंत्र दिवस आयोजन पर ध्वज संहिता का विशेष ख्याल रखा जाए। किसी भी स्थान पर कोई गलती नहीं हो यह सुनिश्चित करें। झांकी निर्माण भी विभागों द्वारा किया जाना है। गणतंत्र दिवस पर परेड, ध्वजारोहण, मुख्य अतिथि द्वारा उद्बोधन, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, उत्कृष्ट व्यक्तियों को पुरस्कार तथा शासकीय विभागों द्वारा झांकियां बनाई जाएंगी। बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड-वैक्सीन पर आधारित झांकी प्रदर्शित की जाएगी। डीपीसी द्वारा अब पढ़ाई नहीं रुकेगी, कृषि विभाग द्वारा आत्मनिर्भर भारत, आदिम जाति कल्याण विभाग वन अधिकार पट्टा वितरण, उद्यानिकी विभाग हाइड्रोफोनिक खेती, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जल जीवन मिशन उद्योग विभाग रतलामी नमकीन पर आधारित आत्मनिर्भर भारत, जिला पंचायत महिला स्वयं सहायता समूह तथा सामाजिक न्याय विभाग नशा मुक्ति की थीम पर झांकी बनाएगा। अन्य विभाग भी झांकी निर्माण करेंगे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उत्कृष्ट अधिकारियों, कर्मचारियों को पुरुस्कृत करने के लिए आगामी 23 जनवरी तक जानकारी भिजवा दी जाए।

जिले में नशा मुक्ति शपथ का बनेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड

बैठक में कलेक्टर द्वारा बताया गया कि नशा मुक्त भारत अभियान में रतलाम जिला अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आगामी 27 जनवरी को नशा मुक्ति शपथ का वर्ल्ड रिकॉर्ड रतलाम जिले में बनाया जाएगा। भारत सरकार की माय जीओवी वेबसाइट पर ऑनलाइन शपथ ली जाएगी। इसके लिए लोगों को लिंक प्रेषित की जाएगी। ऑनलाइन शपथ 26 जनवरी की रात्रि 12:00 बजे से लेकर 27 जनवरी की रात्रि 12:00 बजे तक ली जाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा। इसके लिए जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों को लक्ष्य आवंटित किए जाएंगे कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को शपथ से जोड़ें। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री रत्नेश विजयवर्गीय ने नशा मुक्ति के संबंध में माय जीओवी वेबसाइट पर आयोजित चित्रकला निबंध तथा शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता की भी जानकारी दी।

स्वतंत्र

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 09 दिनांक 20/01/2021

# मुख्यमंत्री द्वारा जनकल्याण संबल योजना के तहत रतलाम ज़िले के 362 हितग्राहियों के खातों में 8 करोड़ रुपए से अधिक राशि अंतरित की गई



रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत मंगलवार को प्रदेश के हितग्राहियों के बैंक खातों में करोड़ों रुपए की राशि अंतरित की गई। इस दौरान रतलाम जिले के 362 हितग्राहियों के बैंक खातों में भी 8 करोड़ 4 लाख रुपए राशि अंतरित हुई। इस दौरान रतलाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को राशि के स्वीकृति पत्र विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता मुकेश मालवी, जनपद उपाध्यक्ष जुझारसिंह लुनेरा द्वारा प्रदान किए गए। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, सीईओ जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती निशिबाला सिंह, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत महेश चौबे तथा हितग्राही उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा जिले के 322 हितग्राहियों के खातों में 2-2 लाख रुपये तथा 40 हितग्राहियों के बैंक खातों में 4-4 लाख रुपए राशि वितरित की गई। योजना के तहत जनपद पंचायत रतलाम के 78, जावरा के 93, पिपलोदा के 24, सैलाना के 38, आलोट के 34, बाजना के 40 हितग्राही लाभान्वित किए गए। इसी तरह नगर पालिका जावरा के 24, नगर परिषद सैलाना के 5, आलोट के 11, धामनोद पिपलोदा के 3-3, नामली के 4 तथा नगर परिषद ताल के 5 हितग्राही लाभान्वित किए गए। इन्दौर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया पृष्ठ 13 दिनांक 20/01/2021

## सीएम ने कहा– बजट के लिए योजनाओं की समीक्षा करें

भोपाल। फरवरी–मार्च में प्रस्तुत होने वाले वर्ष 2021 के बजट के लिए सभी मंत्री योजनाओं की समीक्षा करें। इसके आधार पर तय किया जाएगा कि कौन सी योजना किस स्वरूप में लागू रखी जाए। एक समान प्रकृति वाली योजनाओं को मिलाकर एक योजना ही संचालित करें। इसके लिए सभी मंत्रियों को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कैबिनेट से पहले चर्चा में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंत्री विभाग की योजनाओं के मौजूदा स्वरूप, औचित्य और आवश्यक संशोधन का अध्ययन कर लें। आगामी बजट के लिए भी सभी मंत्री और विभाग योजनाओं की समीक्षा कर लें। इसके पहले भी मुख्यमंत्री बजट की तैयारियों को लेकर विभागों को स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं कि अनावश्यक योजनाओं को बंद किया जाए। लंबे समय से चल रही योजनाओं का आकलन कर उद्देश्य की पूर्ति हो गई है तो बंद कर दिया जाए। सभी विभाग नवाचार अपनाएं। एक विशेष काम, जो विभाग में करना चाहते हैं, बताएं ताकि बैठक में चर्चा कर अंतिम निर्णय लिया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रिकॉर्ड गेहूं की खरीदी के साथ देश में सर्वाधिक उपार्जन वाला राज्य बना है। – ब्यूरो

नईदुनिया

## रोजगार उत्सव आज से मुख्यमंत्री करेंगे संवाद

भोपाल। प्रदेश के विभिन्न जिलों में बुधवार को रोजगार उत्सव होगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। इसमें युवाओं और नियोक्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार के मौके भी दिलाए जाएंगे। मंत्रियों को इनमें सहभागिता करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं मुख्यमंत्री धार, सतना और शिवपुरी के युवाओं से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद करेंगे। – ब्यूरो

नईदुनिया

# मानक स्तर की नालियों का निर्माण हो: खंडेलवाल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. सामाजिक संस्था जनशक्ति का प्रतिनिधि मंडल रतलाम नगर के विकास हेतु अगले पांच वर्ष के प्लान के सन्दर्भ में नगर विधायक चेतन्य काश्यप से मिला। उन्होंने पांच साल के विकास प्लान में संस्था की ओर से सुझाव दिए।

जनशक्ति संयोजक राधावल्लभ खण्डेलवाल ने बताया कि शहर की नालियों के व्यवस्थित एवं मानक स्तर के अनुरुप निर्माण तथा नियमित सफाई के बिना नगर की स्वच्छता एवं विकास का कोई अर्थ नहीं है। अतः अगले 5 वर्ष के प्लान में पानी के सही निकास हेतु नालियों के निर्माण व उनके रखरखाव के साथ नियमित सफाई को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही नगर की सामाजिक संस्थाओं के प्रबुद्ध नागरिकों एवं विशेषज्ञों से भी राय मश्वरा कर नगर के बेहतरीन विकास का प्रारूप तैयार किया जाए। प्रतिनिधि मंडल में अनोखीलाल कटारिया, राजेन्द्र पोरवाल, बंशीलाल अग्रवाल, आरएस केसरी, विपिन खिलोसिया, राजेंद्रसिंह गोयल, गोपालकृष्ण सोडानी, जगदीश सोनी व मनोहरसिंह चौहान आदि शामिल थे।

पत्रिका


### 4 घंटे चला हंगामा, सीएम हेल्पलाइन में हुई थी कम्प्लेन

# गुमटी हटाई तो जेसीबी के सामने खड़ी हुई महिला, बोली- 2.50 लाख रुपए दो

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सीएम हेल्पलाइन में हुई शिकायत के बाद नगर निगम का अमला मंगलवार को बाजना बस स्टैंड पर दोपहर में एक गुमटी हटाने पहुंचा। वहां अमला लौट रहा था कि एक महिला राज राजेश्वरी सोनगरा जेसीबी की आगे खड़ी हो गई और दुकान के नुकसान को लेकर ढाई लाख रुपए मुआवजे के लिए अड़ गई।

महिला ने कहा कि अतिक्रमण मान कर मेरी दुकान हटाई गई है। अतः जब तक मुझे मुआवजा नहीं दिया जाता है तब तक आसपास का अतिक्रमण नहीं हटाया जाए। यह बोलकर महिला जेसीबी के पंजे पर खड़ी हो गई। इसके बाद उसके परिवार के सदस्य भी बैठ गए। सूचना पर नायब तहसीलदार नवीन गर्ग भी पहुंचे। सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल, एससी व्यास ने भी समझाया। लेकिन महिला हटने को तैयार नहीं थी। चार घंटे तक हंगामा जारी रहा। इस दौरान पुलिसकर्मी भी पहुंच गए थे। इसके बाद निगम की समझाइश के बाद महिला हटी।



गुमटी हटाने पर जेसीबी के पंजे पर खड़ी महिला।

**नगर निगम लिखकर देगी तो कार्रवाई करेंगे -** नायब तहसीलदार नवीन गर्ग ने बताया हम तो लॉ एंड ऑर्डर के लिए गए थे। यदि नगर निगम हमें लिखकर देगा कि शासकीय कार्य में बाधा हुई है तो कार्रवाई की जाएगी। हमने किसी प्रकार का आदेश नहीं दिया है कि वापस गुमटी लगा ली जाए क्योंकि जमीन तो निगम की है।

भास्कर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दैनिक भास्कर पृष्ठ 07....दिनांक.....20.01.2021

**हालात बदले** • ज्यादातर मरीजों की स्थिति गंभीर नहीं... अब होम आइसोलेशन में ही रह रहे

# आइसोलेशन वार्ड में 83% बेड खाली आईसीयू में भी अब केवल 50% मरीज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना काल का राहतभरा समय चल रहा है। मंगलवार को 8 महीने में पहली बार राहतभरी तस्वीर सामने आई है। मेडिकल कॉलेज के आइसोलेशन वार्ड में 83% बेड खाली पड़े थे, वहीं, आईसीयू में भी सिर्फ 50 प्रतिशत बेड पर ही मरीजों का इलाज किया जा रहा है। ऐसे हालात इसलिए हैं क्योंकि... अभी पॉजिटिव कम मिल रहे हैं, ज्यादातर मरीज होम आइसोलेशन में ही हैं।

मेडिकल कॉलेज में 220 बेड हैं। कोरोना काल में अक्टूबर-नवंबर में ऐसे दिन भी आए थे, जब 200 मरीजों का इलाज किया जा रहा था। मंगलवार को कॉलेज में सिर्फ 58 मरीज ही भर्ती थे। इसमें से भी 38 मरीजों की रिपोर्ट ही पॉजिटिव थी। 162 बेड खाली ही पड़े हुए थे। इधर, आईसीयू 50 बेड का है, इसमें से 25 मरीजों का इलाज हो रहा था। उसमें भी 8 की रिपोर्ट पॉजिटिव थी।

## कोरोना काल के 8 महीने में पहली बार राहत की तस्वीर...



मंगलवार को मेडिकल कॉलेज के आइसोलेशन वार्ड में इक्का-दुक्का मरीज ही बेड पर दिखे।

**62% कम पॉजिटिव-** जिले में जनवरी के 19 दिन में 198 मरीज सामने आए हैं। यह संख्या दिसंबर के मुकाबले 62% कम है। दिसंबर में 19 दिनों में 503 पॉजिटिव ही सामने आए थे। इधरकिट खत्म हो जाने से आरटीपीसीआर मशीन में जांच बंद होने से 5 दिन जांच नहीं हो सकी। रैपिड एंटीजन से एक-दो पॉजिटिव सामने आ रहे थे।

**सीएमएचओ बोले - टीका सुरक्षित-** सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया 18 जनवरी को सुबह हल्का बुखार व थकान के लक्षण थे। अब पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने सभी काम कर रहा हूं। किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय समस्या नहीं है। टीका लगवाने वाले अन्य लोग भी स्वस्थ हैं। टीका सुरक्षित है। बिना संकोच के टीकाकरण करवा सकते हैं।

भास्कर

### गंभीर मरीजों पर विशेष ध्यान दे रहे

कॉलेज में मरीजों की संख्या कम हो रही है। ज्यादातर मरीज होम आइसोलेशन में ही हैं। गंभीर मरीजों पर विशेष ध्यान है। हमारी पूरी कोशिश यही है कि किसी भी मरीज की मौत ना हो।

**डॉ. शशि गांधी,** मेडिकल कॉलेज, रतलाम

### पहली बार यह स्थिति

कॉलेज में मंगलवार को पहली बार इतनी कम संख्या रही है। आईसीयू में ज्यादा मरीज हैं। गंभीर मरीजों पर फोकस है।

**डॉ. जितेंद्र गुप्ता,** अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज

# सड़क निर्माण रुका, लोगों ने उकाला रोड पर वाहन रोके

रतलाम | उकाला रोड का काम पिछले कई दिनों से बंद है। इससे नाराज रहवासियों ने मंगलवार दोपहर एक बजे चक्काजाम कर दिया।

क्षेत्र के बलराम मीणा ने बताया चार चक्की चौराहा की तरफ से उकाला रोड का काम शुरू हुआ था। कुछ दिनों तक तो चला लेकिन अब बंद हो गया। गड्ढों और कीचड़ से निकलना मुश्किल हो रहा है। आखिर निगम सड़क क्यों नहीं बना रहा। निगम को क्या किसी की मौत का इंतजार है। दोपहर एक बजे से शुरू हुआ चक्काजाम दोपहर 2.30 बजे तक चला। सिटी इंजीनियर जेके जायसवाल पहुंचे और समझाया। इसके बाद कहा परेशानी हमें ध्यान में है। जब तक रोड का निर्माण शुरू नहीं होता है तब तक समतलीकरण करा देंगे। इसके बाद लोग हटे।

**गड्ढों से गिर कर घायल हुए, फिर भी विरोध प्रदर्शन में हुए शामिल–** सड़क पर हो रहे गड्ढों से दिलीप नगर निवासी रमेश पांचाल गिर कर घायल हो गए थे। इससे उनके पैर में पट्टा चढ़ा हुआ है। घायल होने के बाद वे चक्काजाम में शामिल हुए। भास्कर

## सड़क की परेशानी को लेकर सौंपा ज्ञापन

रतलाम. उकाला रोड पर मंगलवार को अभा सर्व धर्मसभा संगठन और रहवासियों द्वारा चक्काजाम किया। दरअसल क्षेत्र की सड़क कई दिनों से खुदी पड़ी है जिसे सुधारा नहीं जा रहा और नहीं कोई देखने आ रहा है। ऐसे में लोगों को आने जाने में हो रही दिक्कतों के बारे संगठन के पदाधिकारियों ने नगर निगम अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पत्रिका

पत्रिका २०/०१/२०२१

## नगर निगम द्वारा वार्ड वार बकाया वसूली शिविरो का आयोजन

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे। आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगें। निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त शिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित शिविरों में बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें। इन्दौर

## संबल योजना की मदद से कमलाबाई बेटी की शादी की चिंता से मुक्त हुई

रतलाम। मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना संबल के अंतर्गत मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा मंगलवार को प्रदेश के साथ-साथ रतलाम जिले के भी हितग्राही परिवारों को खुशियों भरी सौगात दी गई, जब उनके बैंक खातों में संबल योजना की राशि मुख्यमंत्री के हाथों अंतरित हुई। लाभान्वितों में ग्राम करौदी की विधवा महिला कमलाबाई भी शामिल है। परेशानियों में जीवन जी रही कमलाबाई के जीवन में संबल योजना से खुशी आई जब उसके बैंक खाते में भी मुख्यमंत्री द्वारा 2 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई। कमलाबाई के पति सुखराम डामर की विगत वर्ष बीमारी के कारण मृत्यु हो गई। परिवार में 5 बच्चे है जिसमें सबसे बड़ी लड़की और बाकी चार लड़के है। पति की मृत्यु से परिवार आर्थिक संकटों से घिर गया, परिवार के मुखिया होने के साथ-साथ सुखराम कमाई करने वाला भी एकमात्र सदस्य था जिसकी मृत्यु के कारण परिवार में आर्थिक विपदा आई। कमलाबाई मजदूरी करके जीवन-यापन करती है। इन्दौर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 08 दिनांक २०/०१/2021

# जिले के 362 हितग्राहियों को मिले 8.04 करोड़ रुपये

नईदुनिया

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत मंगलवार को प्रदेश के हितग्राहियों के बैंक खातों में करोड़ों रुपये की राशि अंतरित की गई। इस दौरान रतलाम जिले के 362 हितग्राहियों के बैंक खातों में भी 8 करोड़ 4 लाख रुपये की राशि अंतरित हुई।

रतलाम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को राशि के स्वीकृति पत्र विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईड़ा, जनपद अध्यक्ष संगीता मुकेश मालवी, जनपद उपाध्यक्ष जुझारसिंह लुनेरा द्वारा प्रदान किए गए। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, सीईओ जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी निशिबाला सिंह, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत महेश चौबे तथा हितग्राही उपस्थित थे। मुख्यमंत्री द्वारा जिले के 322 हितग्राहियों के खातों में 2-2 लाख तथा 40 हितग्राहियों के बैंक खातों में 4-4 लाख रुपये की राशि वितरित की गई।



कलेक्टोरेट में हितग्राही को हितलाभ पत्र सौंपते विधायक दिलीप मकवाना। • नईदुनिया

**इस तरह मिली हितग्राहियों को राशि**

जनपद पंचायत रतलाम में 78, जनपद पंचायत जावरा में 93, पिपलौदा में 24, सैलाना में 38, जनपद आलोट 34 व जनपद बाजना के 40 हितग्राहियों को व नगर पालिका जावरा के 24, नगर परिषद सैलाना के 05, नगर परिषद आलोट के 11, नगर परिषद धामनोद व पिपलौदा के 3-3 नगर परिषद नामली के 04 व ताल के 05 हितग्राहियों के खातों में राशि जारी की गई है।

## संबल योजना के तहत वितरीत की गई राशि

# 362 हितग्राहियों के खातों में पहुंची 8 करोड़ से अधिक राशि

पत्रिका



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत मंगलवार को प्रदेश के हितग्राहियों के बैंक खातों में करोड़ों रुपए की राशि अंतरित की गई। इस दौरान रतलाम जिले के 362 हितग्राहियों के बैंक खातों में भी 8 करोड़ 4 लाख रुपए राशि अंतरित हुई। इस दौरान रतलाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को राशि के स्वीकृति पत्र विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दिए।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा जिले के 322 हितग्राहियों के खातों में 2-2 लाख रुपए तथा 40 हितग्राहियों के बैंक खातों में 4-4 लाख रुपए राशि वितरित की गई। योजना के तहत जनपद पंचायत रतलाम के 78, जावरा के 93, पिपलोदा के 24, सैलाना के 38, आलोट के 34, बाजना के 40 हितग्राही लाभान्वित किए गए। इसी तरह नगर पालिका जावरा के 24, नगर परिषद सैलाना के 5, आलोट के 11, धामनोद पिपलोदा के 3-3, नामली के 4 तथा नगर परिषद ताल के 5 हितग्राही लाभांवित किए गए।

पत्रिका २०/१/२०२१

# 362 हितग्राहियों के खातों में 8 करोड़ रुपए से अधिक राशि अंतरित

नवभारत

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत मंगलवार को जिले के 362 हितग्राहियों के बैंक खातों में भी 8 करोड़ 4 लाख रुपए राशि अंतरित हुई। जिले के 322 हितग्राहियों के खातों में 2-2 लाख रुपये तथा 40 हितग्राहियों के बैंक खातों में 4-4 लाख रुपए राशि वितरित की गई। योजना के तहत जनपद पंचायत रतलाम के 78, जावरा के 93, पिपलोदा के 24, सैलाना के 38, आलोट के 34, बाजना के 40,नगर पालिका जावरा के 24, नगर परिषद सैलाना के 5, आलोट के 11, धामनोद पिपलोदा के 3-3, नामली के 4, नगर परिषद ताल के 5 हितग्राही लाभान्वित किए गए। रतलाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, जनपद अध्यक्ष संगीता मुकेश मालवी, जनपद उपाध्यक्ष जुझारसिंह लुनेरा द्वारा प्रदान किए गए। कलेक्टर गोपालचंद डाड, सीईओ जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी निशिबाला सिंह, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत महेश चौबे तथा हितग्राही उपस्थित थे।

नवभारत २०/०१/२०२१

# गरीब को मिलेगा संबल योजना का लाभ

भोपाल @ पत्रिका. मुख्यमंत्री ने कहा है कि बच्चे के जन्म के पूर्व से मृत्यु के बाद तक संबल योजना गरीबों का संबल है।

हर गरीब को इसका फायदा मिलेगा। योजना में बच्चे के जन्म से पहले 4 हजार, जन्म के बाद 16 हजार रुपए, फिर पढ़ाई, राशन, मकान, इलाज और मृत्यु उपरांत अनुग्रह सहायता दी जाती है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने यह बात मंगलवार को मिंटो हॉल में संबल योजना के हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके खातों में टांसफर की। पत्रिका

पत्रिका २०/०१/२०२१

### मौतों की संख्या 80 पर पहुंची, एक्टिव मरीज 108

# कोरोना से वृद्धा की मौत जिले में नौ नए पॉजिटिव

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वैक्सीन आने के बाद टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है। गत शनिवार व सोमवार को हुए टीकाकरण में कुल 216 फ्रंटलाइन वर्करों को टीका लगाया जा चुका है। इधर नए मरीज भी मिल रहे हैं। मंगलवार को नौ नए मरीज मिले जबकि लक्कड़पीठा निवासी 70 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला को कोरोना पॉजिटिव होने के चलते 16 जनवरी को मेडिकल कॉलेज के कोविड अस्पताल में भर्ती किया गया था। जनवरी में कोरोना से यह दूसरी मौत है।

शहर के कल्पतरु नगर के 41 वर्षीय पुरुष, डोंगरे नगर की 27 वर्षीय महिला, जेल परिसर के 23 वर्षीय पुरुष, गंगा सागर कॉलोनी के 55 वर्षीय पुरुष, धीरज शाह नगर के 47 वर्षीय पुरुष, 30 वर्षीय महिला, ग्राम कमेड के 21 वर्षीय युवक, नौ वर्षीय तथा 12 वर्षीय बालक के सैंपल की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। जिले में संक्रमितों का आंकड़ा 4280 हो गया है। 13 मरीजों के डिस्चार्ज होने के बाद स्वस्थ होने वालों की संख्या 4092 हो गई है। 80 की मौत हो चुकी है। एक्टिव मरीजों की संख्या 108 है। जिला महामारी नियंत्रक डा. गौरव बोरीवाल ने बताया कि मंगलवार को मेडिकल कॉलेज की 94 रिपोर्ट में छह नए पॉजिटिव केस सामने आए। इसी प्रकार 249 रैपिड एंटीजन टेस्ट में तीन नए पॉजिटिव केस सामने आए।

### आज टीकाकरण का तीसरा दिन, सीएमएचओ स्वस्थ

शनिवार व सोमवार के बाद बुधवार को मेडिकल कॉलेज व बाल चिकित्सालय केंद्र पर टीका लगाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अमले को मैसेज भेजे जा चुके हैं। इधर शनिवार को टीका लगवा चुके सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे मामूली बुखार आने के बाद पूरी तरह स्वस्थ हैं।

सीएमएचओ ने बताया कि सोमवार प्रातः मामूली बुखार एवं थकान के लक्षण थे, जिसके कारण कार्यालयीन कार्य का संचालन घर से ही किया गया। टीकाकरण के मामलों में बुखार आना सामान्य लक्षण है जो पैरासिटामोल की गोली से बिलकुल ठीक हो जाता है। वे पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने सभी कार्य दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। टीकाकरण करवाने वाले अन्य हितग्राही भी पूर्णतः स्वस्थ हैं। कोरोना का टीका पूरी तरह सुरक्षित एवं कारगर है। हितग्राही बिना किसी संकोच के टीकाकरण करवाएं।

नईदुनिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 07 दिनांक 20/01/2021

### मुख्यमंत्री ने 10,285 हितग्राहियों के खातों में ट्रांसफर की 224 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि

# हर गरीब को मिलेगा संबल योजना का लाभ

## वर्ष 2024 तक हर गरीब को पक्की छत और नल से पानी

भोपाल, (प्रस)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बच्चे के जन्म के पूर्व से मृत्यु के बाद तक संबल योजना गरीबों का संबल है। योजना में बच्चे के जन्म से पहले चार हजार रुपए, जन्म के बाद 16 हजार रुपए, फिर पढ़ाई, राशन, मकान, इलाज और मृत्यु के बाद अनुग्रह सहायता दी जाती है। पिछली सरकार ने गरीबों को योजना का लाभ देना बंद कर दिया था। हमारी सरकार ने योजना को दोबारा चालू किया है तथा प्रत्येक गरीब का योजना में पंजीयन किया जाकर, लाभ दिलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंगलवार को मिंटो हॉल में आयोजित कार्यक्रम में संबल योजना के 10 हजार 285 हितग्राहियों को 224 करोड़ 08 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की। कार्यक्रम में खनिज एवं श्रम मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह, सांसद वीडी शर्मा, प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव और श्रमायुक्त आशुतोष अवस्थी आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि वर्ष 2024 तक कोई गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा। सबकी पक्की छत होगी। साथ ही हर घर में नल से पानी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि समाज में जो सबसे पीछे और सबसे नीचे है, उसका मध्यप्रदेश सरकार सबसे पहले ध्यान रखती है। सरकार हर गरीब के लिए रोटी, कपड़ा, मकान, पढ़ाई-लिखाई तथा दवाई का इंतजाम कर रही है।



मंगलवार को भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संबल योजना के हितग्राहियों को अनुग्रह राशि का वितरण किया।

## और खोले जाएंगे श्रमोदय विद्यालय

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में मजदूरों के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए चार श्रमोदय विद्यालय संचालित हैं। शिक्षा विस्तार की दृष्टि से प्रदेश में और श्रमोदय विद्यालय खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संसाधनों पर सबका अधिकार है। हम सभी गरीबों को उनके अधिकार दिलाएंगे। जो अधिक कमाते हैं उनसे टैक्स लेंगे और जिनके पास नहीं है उन्हें सहायता करेंगे।

**संबल, सरकार और शिवराज आपके साथ हैं:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बैतूल जिले की श्रीमती मुमताज बानो से संवाद (वर्चुअल) के दौरान कहा कि संबल, सरकार और शिवराज आपके साथ हैं। मुमताज बानो ने बताया कि अनुग्रह राशि के दो लाख रुपए से वे बकरी पालन तथा किराने की दुकान करेंगी। उनके पति की कैंसर से मृत्यु हो गई थी।

२५

## हम हर संकट में आपके साथ

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जबलपुर की श्रीमती राशि देवलिया, बड़वाह की श्रीमती यशोदा बाई कुशवाह एवं उज्जैन की श्रीमती ममता सिकरवार से संवाद के दौरान कहा कि वे अपने को अकेला न समझें। हम हर संकट में आपके साथ हैं। आपका भाई आपके साथ खड़ा है। संबल से मिली राशि का सदुपयोग करिए। बच्चों को पढ़ाइए।

## सबसे संवेदनशील योजना है संबल

श्रम मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान की सबसे संवेदनशील योजना है संबल योजना। योजना से अभी तक प्रदेश में एक लाख 80 हजार हितग्राहियों को 1483 करोड़ रुपए का हितलाभ वितरित किया गया है। योजना में 1 लाख 92 हजार प्रवासी मजदूरों का भी पंजीयन कर उन्हें लाभ दिया जा रहा है।

## प्रत्येक राज्य में योजना की सराहना : वीडी शर्मा

सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि संबल योजना प्रदेश में गरीबों का संबल बन गई है। इस योजना की प्रत्येक राज्य में सराहना हो रही है। कोविड संकट के दौरान भी निरंतर गरीबों को योजना का लाभ मिला। मध्यप्रदेश सरकार गरीबों के प्रति समर्पित सरकार है। सरकार ने अभी तक गरीबों एवं किसानों के खातों में 82 हजार करोड़ रुपए की राशि डाली है।

## बेटियों के पूजन से शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बेटियों के पूजन के साथ किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश गान हुआ।

## 89 दिनों में ठीक किए 126 वॉल्व–606 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 89 दिनों में 126 वॉल्व व 606 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। मंगलवार को शक्तिनगर, राम मंदिर के सामने, अलकापुरी गांधी स्कूल के सामने, करमदी नाका में पाइप लाइन लीकेज ठीक करवाया गया। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी के अलावा नीरज यादव, मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

## 560 मवेशियों को गोशाला भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 560 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। मंगलवार को अलकापुरी व 80 फीट रोड से दो मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–स्वदेश–पृष्ठ 14 दिनांक 20/01/2021

**समाजसेवियों के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक को ज्ञापन सौंपा**

# विशेषज्ञों की राय से नगर के विकास का प्रारूप तैयार किया जाए

## नगर में चारों तरफ टूटी-फूटी नालियां, गंदगी, टूटी-फूटी सड़कों के रख-रखाव के बिना विकास अधूरा

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

नालियों के व्यवस्थित एवं मानक स्तर के अनुरुप निर्माण तथा नियमित सफाई के बिना नगर की स्वच्छता एवं विकास का कोई अर्थ नहीं अत: अगले 5 वर्ष के प्लान में पानी के सही निकासी हेतु नालियों के निर्माण, उनके रखरखाव एवं नियमित सफाई को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही नगर की सामाजिक संस्था प्रबुद्ध नागरिकों एवं विशेषज्ञों से भी राय मशवरा कर नगर के बेहतरीन विकास का प्रारूप तैयार किया जाए।

सामाजिक कार्यकर्ता राधावल्लभ खण्डेलवाल के नेतृत्व में समाजसेवियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने विधायक चेतन्य काश्यप को इस संबंध में ज्ञापन दिया, जिसमें कहा गया कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा नगर के विकास हेतु अगले 5 साल का प्लान बनाने हेतु निर्देश दिए है। इस संदर्भ में सुझाव है कि नगर में चारों तरफ गंदगी, टूटी-फूटी सड़कों का सबसे बड़ा कारण है। पानी का सही निकास नहीं, नालियों की नियमित सफाई नहीं होती, यदाँकदा सफाई होती भी है तो आधी अधूरी, अधिकांश नालियां जीर्ण-शीर्ण हो रही है, कचरा भरा रहता है, नालियां जाम होने से पानी सड़क पर बहता है। नगर के मुख्य मार्गों पर ही अनेक जगह नालियां नहीं है, नालियों की उचित व्यवस्था के अभाव में सड़क पर गंदा पानी आ जाता है। बरसात का पानी सड़क पर जगह-जगह भरा रहता है। इस कारण सड़क टूट-फूट जाती है चारो तरफ गंदगी रहती है।

अत: अगले पांच साल के प्लान में सर्वप्रथम संपूर्ण नगर में सड़क के दोनों ओर एवं मकानों के आगे पीछे नालियों का सही तरीके से निर्माण किया जाए, उनके रखरखाव एवं नियमित सफाई की व्यवस्था का प्रबंध किया जाए तब ही नगर के सही विकास की परिकल्पना सार्थक होगी अन्यथा पानी के उचित निकास के प्रबन्धन के अभाव में 1-2 वर्षों में ही विकास हेतु किए गए कार्य व्यर्थ हो जाएंगे।

उदाहरण के लिए स्टेशन रोड की रतलामी नमकीन एवं गुजरात स्वीट के सामने की नाली वर्षों से जाम होकर सढांध मारती है जिसे अभी कुछ समय पहले सफाई के नाम पर नगर निगम ने तोड़ दी एवं ना तो मरम्मत कराई और ना ही नियमित सफाई कराई, वैसी ही टूटी फूटी हालत में छोड़ दी। मुख्य चौराहे पर भी नालियों की यही हालत है, अत: नगर विकास में मुख्य भूमिका उचित जल निकास की होती है इसे अनदेखा न किया जाए। प्रतिनिधि मंडल में अनोखीलाल कटारिया, राजेन्द्र पोरवाल, बंशीलाल अग्रवाल, आर.एस. केसरी, विपिन खिलोसिया, राजेन्द्रसिंह गोयल, गोपालकृष्ण सोडनी, जगदीश सोनी, मनोहरसिंह चौहान आदि उपस्थित थे।

# बाजना बस स्टैंड से हटाया अतिक्रमण



**रतलाम.** बाजना बस स्टैंड फोरलेन पर मंगलवार को निगम की टीम पहुंची और सड़क किनारे गुमटी लगाने वालों को हटाया। निगम अमले ने गुमटीधारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को सख्ती से जेसीबी की मदद से हटाया। निगम की जेसीबी चलने के पहले यहां एक महिला ने हंगामा खड़ा कर दिया और अपने बच्चे को जेसीबी के पंजे पर बैठा कर विरोध किया। हंगामें के बीच निगम की टीम ने अवैध कब्जे गिराने का काम जारी रखा।

पत्रिका।

# एसडीएम फील्ड में जाए तो पात्रता पर्ची धारक से बात करें देखें कि उनको खाद्यान्न उपलब्ध कराया अथवा नहीं

## कलेक्टर श्री डाड ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

रतलाम। जिले के सभी एसडीएम फिल्ड में सघन भ्रमण करें, इस दौरान पात्रता पर्ची धारकों से बात करें देखें कि उनको खाद्यान्न उपलब्ध हुआ अथवा नहीं। यह निर्देश कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड ने सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर द्वारा बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री संदीप केरकेट्टा, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे, एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, श्री एम.एल आर्य, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम के साथ तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्र में फसल गिरदावरी गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाए। देखें कि पटवारी गड़बड़ तो नहीं कर रहा। अधिकारी रैंडम चेक करें। किसान द्वारा बोई गई फसल का बगैर गड़बड़ी के सत्यापन हो, फर्जी सत्यापन नहीं हो। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए आगामी 25 जनवरी से किसान पंजीयन आरंभ किया जा रहा है, जो फसल जितने रकबे में किसान ने बोई है वही फसल गिरदावरी के दस्तावेज में प्रदर्शित हो। कलेक्टर द्वारा डीपीसी को निर्देशित किया गया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत फीस की प्रतिपूर्ति की विगत 3 वर्षों की जानकारी प्रस्तुत करें। इस संबंध में डीपीसी द्वारा कार्य नहीं किए जाने पर कलेक्टर द्वारा सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा कि जी सर कहने से काम नहीं चलेगा, काम करना पड़ेगा। बर्ड फ्लू के संबंध में प्रभारी उप संचालक डॉक्टर जैन ने बताया कि जिले में बर्ड फ्लू संबंधी कोई समस्या नहीं है।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा भी कलेक्टर द्वारा की गई। पाया गया कि अब जिला आपूर्ति विभाग के कनिष्ठ तथा सहायक आपूर्ति अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता के साथ कार्य किया जा रहा है जिससे शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण हो रहा है। बिलपांक क्षेत्र के एक आवेदक के भूमि नामांतरण आवेदन का विगत 4 माह से ज्यादा अवधि में भी निराकरण नहीं होने पर नायब तहसीलदार बिलपांक के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई। इसी तरह पिपलोदा क्षेत्र के ग्राम शेरपुर में किसी अन्य के नाम नामांतरण किए जाने पर प्रकरण में कलेक्टर द्वारा पिपलोदा तहसीलदार के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई। इसके अलावा कलेक्टर द्वारा नामली नायब तहसीलदार के प्रति भी सख्त नाराजगी व्यक्त की गई। यहां नामांतरण के एक प्रकरण में जहां संतुष्टि पूर्वक निराकरण हो सकता था परंतु नायब तहसीलदार द्वारा अब तक संतुष्टि पूर्वक समाधान नहीं किया जा सका है। Sarita

राजस्थान साइड से आने वाले रेत डंपर चैक करने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा बैठक में एसडीएम जावरा को दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्थान से बालू रेत भरकर डंपर जिले में जावरा होते हुए आते है उन्हें चेक किया जाए देखें कि अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तो नहीं है। इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर कड़ी निगरानी रखी जाए। इस संबंध में लापरवाही नहीं बरतें।

**शहर के लिए मात्र 2 लाख रुपए के खर्च में हो जाएगा क्रेन का इंतजाम**

बैठक में निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर निगम के पास वर्तमान में क्रेन उपलब्ध नहीं है। पूर्व में 76 हजार रूपए प्रति माह किराए पर क्रेन लगाई गई थी जो हटा दी गई है। अब निगम परिसर में रखे हुए कबाड़ के वाहनों से पीथमपुर में क्रेन निर्मित कराई जा रही है। जिस पर मात्र 2 लाख रूपए का खर्च आएगा। अल्प राशि में निगम के लिए क्रेन का इंतजाम हो जाएगा, जबकि नई क्रेन का मूल्य लगभग 35 लाख रुपये है। पीथमपुर में बनवाई जा रही क्रेन आगामी दो–तीन दिनों में रतलाम आ जाएगी।

निगमायुक्त ने यह भी बताया कि मवेशियों की समस्या शहर से लगभग समाप्त कर दी गई है। अब तक साढे पांच सौ से ज्यादा मवेशी शहर से अन्यत्र स्थानों तथा गौशालाओं में भेजे जा चुके हैं।

# बिना ड्रेसकोड दिखे तो लगेगी अनुपस्थिति

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 : वार्डों में गंदगी पर दरोगा, कर्मचारी होंगे बर्खास्त

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में अव्वल रहने के लिए नगर निगम शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर करने लगा है। इसके साथ ही निगम अमले पर भी कसावट की गई है। सफाई के लिए संसाधनों की उपलब्धता के साथ ही कर्मचारियों की तैनाती पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

शहर के 49 वार्डों में करीब 1035 सफाई कर्मचारी तैनात हैं। नगर निगम द्वारा कचरा संग्रहण वाहनों से ही कचरा लेने के लिए शहर में अस्थाई कचरा स्थलों को समाप्त किया जा रहा है। अब अगर इन स्थानों पर कचरा मिलता है तो वार्ड दरोगा, सफाई कर्मचारी पर कड़ी कार्रवाई कर सेवा समाप्ति कर दी जाएगी। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। इसी तरह कर्मचारियों को अब शासन द्वारा तय ड्रेसकोड में ही रहना होगा। कार्यस्थल पर अगर कोई कर्मचारी बगैर ड्रेसकोड के काम करता मिला तो उस दिन की अनुपस्थिति लगाई जाएगी।

मालूम हो कि निगम प्रशासन द्वारा हाल ही में कर्मचारियों को यूनिफॉर्म का वितरण किया गया है। शासन स्तर से भी ड्रेसकोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं।



रतलाम नगर निगम भवन। • फाइल फोटो

### सफाई कर्मचारियों का वेतन न रुके

नगर निगम में सफाई कर्मचारियों का वेतन भुगतान समय पर करने के लिए भी शासन से निर्देश दिए गए हैं। ग्वालियर में वेतन नहीं मिलने से नाराज सफाई कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने ग्वालियर नगर निगम के आयुक्त को हटा दिया था। अब नगरीय प्रशासन विभाग की अपर आयुक्त मिनाक्षी सिंह ने सभी निगमायुक्तों को निर्देश जारी किए हैं कि माह के पहले दिन अथवा अवकाश होने पर दूसरे दिन सफाई संरक्षकों का वेतन भुगतान कर दिया जाए।

### गंदगी व अतिक्रमण करने पर आठ व्यक्तियों पर जुर्माना

दुकानों एवं घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालने वाले दुकानदारों एवं नागरिकों पर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी गंदगी फैलाने वालों पर निगम द्वारा गठित दल घर व दुकान पर पहुंचकर जुर्माना वसूल रहा है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नेशनल टावर महू नीमच रोड पर 500, मालवा टावर, अब्दुल महू रोड पर 300-300, जैन मशीनरी गीता मंदिर रोड पर 250, जितेंद्र प्रजापत, संदीप माली, पैरामाउंट मशीनरी गीता मंदिर रोड व रशीद खान कॉन्वेंट स्कूल तिराहा पर 100-100 रुपये का स्पॉट फाइन पीओएस मशीन के माध्यम से ऑनलाइन किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरुद्ध जुर्माने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।